दिन–मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 14 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिशन मौसम का शुभारंभ किया। कहा– यह देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट –स्मार्ट बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

02. मकर संक्रांति का त्योहार आज पारम्परिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में लगाई आस्था की डुबकी।

03. प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ा आस्था का जनसैलाब। लगभग साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर किया पहला अमृत स्नान।

04. और, प्रदेश के मौसम में एक बार फिर आया बदलाव। दिनभर बनी रही कुहासे की स्थिति। अगले तीन दिनों के बाद ठंड में और बढ़ोतरी का पूर्वानुमान।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए आज मिशन मौसम का शुभारंभ किया। मिशन मौसम का उद्देश्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और प्रणाली विकसित करना है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन मौसम एक टिकाऊ भविष्य और सतत विकास की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

–––बाईट–––

मौसम विभाग की विश्वसनीयता भी पहले से कई ज्यादा बढ़ी है। भविष्य में भारत मौसम की हर परिस्थिति के लिए तैयार रहे। भारत एक क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बनें इसके लिए हमने मिशन मौसम भी लॉन्च किया है। मिशन मौसम सस्टेनेबल फ्यूचर और फ्यूचर रेडियस को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने विभाग की डेढ सौ वर्ष की यात्रा की प्रशंसा करते हुए इसे देश में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक गौरवशाली अध्याय बताया।

–––बाईट–––

आईएमडी ने इन डेढ़ सौ वर्षों में ना केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है बल्कि भारत की वैज्ञानिक यात्रा का भी प्रतीक बना है। इन उपलब्धियों पर आज डाक टिकट और विशेष कोइन भी रिलीज किया गया है। 2047 में जब देश आजादी के सौ साल मनाएगा तब भारतीय मौसम विभाग का स्वरूप क्या होगा इसके लिए विजन डॉक्यूमेंट भी जारी हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वास्तविक समय की मौसम संबंधी नवीन जानकारी से कृषि तथा समुद्री अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की मौसम संबंधी प्रगति ने देश की आपदा प्रबंधन क्षमता को सुदृढ किया है।

———————————————————————

प्रदेश में आज मकर संक्रांति का त्योहार पारम्परिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाई। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान के बाद पूजा–पाठ कर दान–पुण्य भी किया।

———————————————————————

मकर संक्रांति पर प्रयागराज महाकुंभ में आज आस्था का जनसैलाब उमड़ा। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच लगभग साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर पहला अमृत स्नान किया। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

महाकुंभ में भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम दिख रहा है। हर हर गंगे के जयघोष के बीच तेरह विभिन्न अखाड़ो के साधु संतों ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहा। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाला और तलवार लहारते हुए इन साधुओं ने अपनी परम्परागत युद्ध कौशल का भी प्रदर्शन किया। त्रिशूल और डमरू के साथ नागा साधुओं के प्रदर्शन ने महाकुंभ को धार्मिक उत्सव के साथ–साथ प्रकृति और मनुष्य के मिलन के उत्सव के रूप में भी प्रतिष्ठित किया। महाकुंभ में विदेशी श्रद्धालुओं की सनातन धर्म के प्रति आस्था देखते ही बन रही है। नेपाल, भूटान, जापान, रूस, ब्राजील, पौलैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन समेत कई देशों के श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया। प्रशासन की ओर से मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। समाचार कक्ष से मैं रजनीकांत चौधरी।

———————————————————————

गया के तपोवन में मकरसंक्रांति के अवसर पर आज से तीन दिवसीय तपोवन महोत्सव की शुरूआत हुई। महोत्सव का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने किया। महोत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इधर, बांका में आज से मंदार महोत्सव शुरू हो गया है। इसका उद्घाटन खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज कुशवाहा और सांसद गिरधारी यादव ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, औरंगाबाद के नवीनगर के बड़ेम में आज से दो दिवसीय सोन नद

महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य सोन नद को संरक्षित करना है।

———————————————————————

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखा जा रहा है। आज सुबह से ही राज्य के अधिकतर हिस्सों में कुहासे की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में गिरावट आयेगी। कल सुबह के समय कई जगहों पर घने कुहासे की भी चेतावनी है।

———बाईट———

———————————————————————

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को कथित तौर पर लॉरेंस विश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिली है। श्री सिंह ने बताया कि एक फोन कॉल के माध्यम से उनसे तीस लाख रुपये की मांग की गई। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी मिली है। श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने पुलिस महानिदेशक को पूरे घटनाक्रम से अवगत करा दिया है। मामले की जांच जारी है।

———————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि ड्रोन की खरीद पर किसानों को साठ प्रतिशत या अधिकतम तीन लाख पैंसठ हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। श्री पांडेय आज पटना के ज्ञान भवन में ड्रोन की उपयोगिता पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेती में ड्रोन का उपयोग किसानों के लिए समृद्धि के नये द्वार खोल रहा है।

———बाईट———

———————————————————————

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने कहा है कि मधुबनी में एक नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जायेगी। झंझारपुर मे पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग के अनुकूल माहौल बना है। उन्होंने कहा कि मधुबनी में औद्योगिक क्षेत्र बनने से मिथिला की प्रगति सुनिश्चित होगी।

———बाईट———

————————————————————————————

आज सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस है। इस अवसर पर दानापुर स्थित बिहार रेजीमेंट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पूर्व सैनिकों और शहीद जवानों की वीर नारियों को सम्मानित किया गया है। श्री खान ने कहा कि वीर सैनिकों के अदम्य साहस और शौर्य के कारण आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।

———बाईट———

——————————————————————————

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर इस बार गणतंत्र दिवस परेड में आठ वर्षों के बाद बिहार की झांकी दिखेगी। सूचना और जनसंपर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने बताया कि स्वर्णिम भारत—विरासत और विकास की थीम पर बिहार की झांकी को रक्षा मंत्रालय ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि बिहार की झांकी में राज्य की समृद्ध ज्ञान और शांति की पराम्परा को प्रदर्शित किया गया है।

———बाइट———

————————————————————————————

पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने चार पुलिसकर्मियों को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। निलंबित पुलिसकर्मियों पर ड्यूटी के समय सोने का आरोप है।

————————————————————————————

जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र के भंडरा गांव में अपहृत नाबालिग को बरामद करने गई पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस घटना में दो दारोगा सहित सात पुलिसकर्मी घायल हो गए।

————————————————————————

नालंदा जिले हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता हॉल्ट के पास पुलिसकर्मियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर यात्री शेड से टकरा गई। इस घटना में लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

————————————————————————

किशनगंज जिला आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिशन मौसम का शुभारंभ किया। कहा– यह देश को मौसम की हर स्थिति से निपटने में सक्षम और क्लाइमेट –स्मार्ट बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

02. मकर संक्रांति का त्योहार आज पारम्परिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में लगाई आस्था की डुबकी।

03. प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ा आस्था का जनसैलाब। लगभग साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर किया पहला अमृत स्नान।

04. और, प्रदेश के मौसम में एक बार फिर आया बदलाव। दिनभर बनी रही कुहासे की स्थिति। अगले तीन दिनों के बाद ठंड में और बढ़ोतरी का पूर्वानुमान।

————————————————————————

समाप्त